वीयू – शिक्षा की गुणवत्ता स्तर को और अधिक सुदृढ़ करें शिक्षक – कुलपति

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर मे कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी ने विश्वविद्यालय के सभी उच्च पदाधिकरियों तथा सभी महाविद्यालय के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापकों के साथ बैठक लिया, इस बैठक का उद्देश्य महाविद्यालयीन शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना, क्वालिटी एजुकेशन के लिए हर संभव प्रयास करना जिससे छात्रों को बेहतरीन शिक्षा प्राप्त हो। बैठक में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, सह प्राध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों से भी शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार हेतु नए तरीके अपनाने पर जोर दिया साथ ही यह भी जाना की वर्तमान परिदृश्य में क्वालिटी एजुकेशन में किस प्रकार की बाधाएं आज शिक्षकों के समक्ष आ रही है, ताकि उन्हें समय रहते दूर करके शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जा सके, साथ ही निर्देशित किया की सभी व्यवधानों को दूर करते हुए छात्र–छात्राओं की उपस्थिति एवम् एडवाइजरी सिस्टम को प्रमुखता से मजबूत बनाने की आवश्यकता है, छात्र–छात्राओं के एडवाइजर नियमित रूप से उनके सर्वांगीण विकास एवम् शिक्षा हेतु फीडबैक लेते रहें जिससे उनके शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाए जा सके। छात्रों की उपस्थिति को बेहतर करना, छात्रों के लिए गठित एडवाइजरी कमेटी के उत्तरदायित्व के प्रति बल देना एवम् उसे मजबूत करने साथ ही पशु चिकित्सा से संबद्ध शोधार्थियों को बायोमेडिकल क्षेत्र में एवम् औद्योगिक क्षेत्रों के साथ साझा अनुबंध करते हुए पशु चिकित्सा के दायरे को बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए, जिससे किसानों को सीधे तौर पर लाभ मिल सके एवं ज्यादा मात्रा में पशुपालक सीधे लाभान्वित हो सके। कुलपति जी ने पूर्ववत में विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए सफल प्रयासों की समीक्षा करते हुए प्रसन्नता भी जाहिर की तथा सफलता में भागीदारी निभाने वाले सभी प्रमुख पदाधिकारियों तथा इसमें सहभागिता निभाने वाले सभी अधिकारी एवम् कर्मचारी वर्गों की प्रशंसा एवम् सराहना भी की, साथ ही छात्रों की शैक्षणिक एवं प्रायोगिक गतिविधियों को रोचक और रुचिपूर्ण बनाना तथा स्नातकोत्तर छात्रों में शोध का दायरा बढ़ाना एवं शोध संबंधी विषयों को पूर्ण सफलता की ओर अग्रसर करना ।

उक्त बैठक में सातवें दीक्षांत समारोह के सिलसिले में भी चर्चा की गई ।

इस बैठक में कुल सचिव डॉक्टर श्रीकांत जोशी संचालक शिक्षक डॉक्टर सुनील नायक संचालक प्रक्षेत्र डॉक्टर जी.पी. लखानी, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉक्टर आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉक्टर एस.के. महाजन, संचालक वाइल्डलाइफ डॉ. शोभा जावरे, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर आदित्य मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर गिरिधारी दास, समस्त विभागों के प्रमुख तथा टीचिंग फैकेल्टी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर